वर्ष	जांचे गए नमूनों की संख्या	नकली पाए गए नमूनें की संख्या	कुल का प्रतिशत
1989-90	26787	35	0.130
1990-91	31474	125	0.397
1991-92	34337	96	0.279
1992-93	22236	30	0.14
1993-94	31924	82	0.26
1994-95	29769	81	0.27
1995-96	30981	72	0.23

बिहार में कालाजार फैलना

1090. **श्री जनार्दन यादव:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि बिहार के अठारह जिले कालाजार से पीड़ित हैं;

(ख) क्या प्रति वर्ष हजारों व्यक्ति कालाजार से मर रहे हैं;

(ग) क्या सरकार को इस बात की भी जानकारी है कि बाजार में कालाजार की दवाएं उपलब्ध नहीं हैं और यदि उपलब्ध हों तो वह बहुत अधिक दरों पर मिलती हैं जिन्हें गरीब लोग नहीं खरीद पाते; और

(घ) सरकार इन रोगों की रोकथाम के लिए क्या कदम उठाने जा रही है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्यमंत्री (श्री दलित एजिलमलाई): (क) और (ख) उपलब्ध रिकार्ड के अनुसार बिहार के 36 जिले कालाजार की स्थानिकमारी वाले हैं। बिहार सरकार ने सूचित किया है कि पिछले 3 वर्षों के दौरान काला जार से जिन लोगों की मौतें हुई उनकी संख्या निम्नलिखित है:—

वर्ष	मौतों की संख्या
1995	259
1996	674
1997	247

(ग) और (घ) कालाजार के उपचार की औषधें राज्य सरकारों को केन्द्र सरकार द्वारा मुफ्त प्रदान की जाती है।

1997 के दौरान और मई, 1998 के दौरान काला जार रोधी औषधों की बिहार को आपूर्ति की गई थी।

अतिरिक्त मात्रा में औषधों की आपूर्ति करने हेतु चिकित्सा सामग्री भंडार संगठन द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फर्मों को पहले ही आदेश दे दिए गए हैं।

कालाजार के नियंत्रण के लिए अपनायी गई कार्यनीतियों में निम्नलिखित शामिल हैं:—

— प्रभावित क्षेत्रों में अवशिष्ट (रिजीड्युअल) का छिड़काव कर के वेक्टर नियंत्रण के जरिए संचरण को रोकना।

— शीघ्र निदान करना और प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या पद्धति के जरिए पूरा उपचार करना।

— स्वास्थ्य शिक्षा और समुदाय की भागीदारी।

Infant mortality in Maharashtra

1091. **MISS SAROJ KHAPARDE:** Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) the present infant mortality rate in Maharashtra in comparison to national average in this regard;

(b) which parts of Maharashtra are having highest infant mortality rate at present; and

(c) the steps Government have taken or propose to take to minimise the infant mortality rate in Maharashtra?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (SHRI DALIT EZHILMALAI): (a) and (b) The Sample Registration System of the Registrar General of India, has indicated that the Infant Mortality Rate for 1996, was 72 at the National level and 48 for Maharashtra. The Infant Mortality is reported to be more in Rural Areas of Maharashtra. The Rural — Urban break-up of Infant Mortality Rate is —

	Total	Rural	Urban
India	72	77	46
Maharashtra	48	58	31